# ईएसआइ कार्यालय में भी मनाया गया स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से

गुरुग्राम, बुलंद खोज / लोकेश कुमार। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के उप क्षेत्रीय कार्यालय में भी स्वतंत्रता दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यालय के उप निदेशक प्रभारी सुनील कुमार नेगी द्वारा कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया गया और सभी ने बड़े सम्मान के साथ राष्ट्रगान भी गाया। उपनिदेशक ने कार्यक्रम में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम मानव कल्याण के कार्यों में लगा है। उन्होंने कर्मचारियों से आग्रह किया कि बीमा निगम में पंजीकृत कर्मचारियों को दिए जाने वाले हित लाभों को बिना देरी के उनका निपटारा किया जाना चाहिए ताकि कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की आर्थिक समस्या का सामना न करना पड़े। सह निदेशक राजेश यादव ने कहा कि श्रमिकों के मामलों को वे प्राथमिकता के आधार पर ही उनका निपटारा करें।



कार्यक्रम में शामिल विभाग के अधिकारी।

# गुरूग्राम उपक्षेत्रीय कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



गुरूग्राम, 17 अगस्त (रैपको न्यूज)। उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, गुरुग्राम, में दिनांक 15 अगस्त 2022 को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

समारोह में श्री सुनील कुमार नेगी, उपनिदेशक ,( प्रभारी ) उप क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, गुरुग्राम के द्वारा कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया एवं देश के सम्मान में राष्ट्रगान भी गाया गया।

उप निदेशक द्वारा सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि सभी कर्मचारी राज्य बीमा निगम की कार्यप्रणाली को सदैव ही मानव कल्याण की तरफ अग्रेषित करें और सदैव बीमितों के कल्याण एवं बीमितों को दिए जाने वाले हितलाभ को अभिलंब बीमितो को देने के लिए तत्पर रहें।

अंत में कार्यालय अध्यक्ष श्री राजेश यादव, सह निदेशक द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।





ध्वजा रोहण करते सेव अर्थ सेव ह्यूमन के पदाधिकारी व अन्य।




स्वतंत्रता दिवस मनाते महावीर सिंह यादव व अन्य।

